नेताजी सुभाष चन्द्र बोस पर अन्तः महाविद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनांक 25.02.2020 को अन्त महाविद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.कृष्णकान्त गुप्ता जी की सतत प्रेरणा से वर्ष भर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु बौद्धिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। उसी कड़ी मे प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का शीर्षक था - **''नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का स्वतंत्रता संग्राम में योगदान विषय**''जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता हेतु विद्यार्थियों में अच्छा खासा उत्साह देखने को मिला। 6 टीमों ने पंजीकरण प्रारूप में अपने उपस्थिति दर्ज की। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रोहित व हर्षवीर बी.ए. द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान हेमंत व शुभम बी.बी.ए. ने प्राप्त किया। उप-प्राचार्या श्रीमती कमल टंडन जी ने सभी विजेता टीमो को शुभकामनाएँ दी और कहा कि यह प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता विद्यार्थियों में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास को जानने में सहायक होने के साथ-साथ सहयोग की भावना को भी प्रबल बनाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को महापुरुषों के तप, त्याग, संघर्ष व बलिदान से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। इतिहास विभाग की सहायक प्रवक्ता सुप्रिया ढांडा ने क्विज मास्टर की भूमिका निभाई। अन्त में डॉ. अशोक निराला जी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में चल रहा पाँच दिवसीय आाथमिक चिकित्सा व गृह परिचर्या शिविर

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के तत्वावधान में पाँच दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा व गृह परिचर्या शिविर चल रहा है। इस शिविर का आयोजन जिला रैड़ क्रॉस सोसायटी, फ़रीदाबाद व सेंट जॉन एम्बुलेंस एसोसिएशन, फ़रीदाबाद के द्वारा किया जा रहा है। इस पाँच दिवसीय शिविर में जो 24 फरवरी से 28 फरवरी 2020 तक चलेगा में 80 युवा रैड क्रॉस और सेंट जॉन एम्बूलेंस ब्रिगेड के स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। शिविर के प्रशिक्षक श्री बी.बी. कथूरिया जी ने आज शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों को प्राथमिक चिकित्सा की मौलिक जानकारी के साथ-साथ इसकी आवृयकता जैसे बिंदुओं पर आकाृा डाला। ज़हरीले जीवों के काटने पर व हड्डियों के टूटने तथा विभिन्न आकार की पट्टियों के आयोग आदि के द्वारा दिए जाने वाले आाथमिक उपचारों से अवगत कराया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे शिविरों का आयोजन करवाते रहते हैं क्योंकि ये शिविर समाजसेवा के उद्देश्य को तो पूरा करते ही हैं, साथ-साथ रोज़गार के काबिल बनाते हैं। यह शिविर युवा रैड क्रॉस के संयोजक डॉ. जयपाल सिंह, काउंसलर श्री सुभाष व सेंट जॉन एम्बूलेंस ब्रिगेड के काउंसलर डॉ. देवेन्द्र व श्रीमती पूजा की देखरेख में चल रहा है।

मलेरना और सुनपेड़ गांव में एक घरेलू सर्वेक्षण अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ के उन्नत भारत अभियान सेल द्वारा 24, 25 फरवरी, 2020 को प्राचार्य डॉ.कृष्ण कांत गुप्ता जी के कुशल मार्गदर्शन में किया गया था। गांव में रहने की स्थिति का आकलन करने के लिए उन्नत भारत अभियान द्वारा विकसित मानकीकृत बेसलाइन घरेलू सर्वेक्षण रूपों का उपयोग करके अध्ययन किया गया था। इस प्रपत्र में उत्तरदाता की प्रोफ़ाइल, परिवार के सदस्य और सरकार से संबंधित सामान्य योजनाएं, पानी के स्रोत, ऊर्जा और बिजली कृषि इनपुट, स्थानीय समस्याएं और आवश्यकताएं जानकारी शामिल है। इस जानकारी के माध्यम से सर्वेक्षण ग्रामीण वास्तविकताओं को समझने के लिए सूचना संग्रह प्रदान करता है। उन्नत भारत अभियान सेल के सदस्य डॉ. मीनू अग्रवाल और डॉ. देवेंद्र 40 विद्यार्थियों को साथ गए। उन्नत भारत अभियान सेल के संयोजक डॉ. अशोक निराला व डॉ. संजीव गुप्ता ने विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत के लिए उनको शुभकामनाएँ दी।